रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी ई एन नं. - 04/2024 - CEN No. - 04/2024

| | |
|---|---|
| Test Date | 28/04/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | PHARMACIST (ENTRY GRADE) |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Ability**

**Q.1** उपभोग व्यय दृष्टिकोण का उपयोग करके भारत में गरीबी रेखा को परिभाषित करने में किस समिति की सिफारिशें लंबे समय से प्रभावशाली रही हैं?

**Ans**
- ✗ 1. सच्चर समिति
- ✗ 2. बालाकृष्णन समिति
- ✓ 3. तेंदुलकर समिति
- ✗ 4. रंगराजन समिति

**Q.2** तरुण और वरुण शहर A से शहर B की ओर क्रमशः 57 km/h और 60 km/h की चाल से जाते हैं। यदि वरुण, तरुण से 33 मिनट पहले शहर B पहुंचता है, तो शहर A और शहर B के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 625 km
- ✓ 2. 627 km
- ✗ 3. 619 km
- ✗ 4. 633 km

**Q.3** केंद्रक के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

**Ans**
- ✗ 1. केंद्रक में एक परत होती है
- ✗ 2. केंद्रक में माइटोकॉन्ड्रिया होते हैं
- ✗ 3. केंद्रक में हरितलवक होता है
- ✓ 4. केंद्रकीय झिल्ल में रंध्र होते हैं

**Q.4** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत भारतीय सर्वोच्च न्यायालय को भारत सरकार और एक या एक से अधिक राज्यों, या विभिन्न राज्यों के बीच विवादों का निपटान करने का मूल अधिकार प्राप्त है?

**Ans**
- ✗ 1. अनुच्छेद 136
- ✗ 2. अनुच्छेद 226
- ✓ 3. अनुच्छेद 131
- ✗ 4. अनुच्छेद 132

**Q.5** सतत विकास के लिए सरकार के सभी स्तरों से समन्वित प्रयास क्यों आवश्यक है?

**Ans**
- ✗ 1. यह पर्यावरणीय संसाधनों के निजीकरण की सुविधा देता है।
- ✓ 2. यह सामाजिक-आर्थिक विकास को पर्यावरणीय संधारणीयता के साथ एकीकृत करने में सहायता करता है।
- ✗ 3. यह सुनिश्चित करता है कि केवल आर्थिक मुद्दों को संबोधित किया जाए।
- ✗ 4. यह संधारणीय पद्धतियों के कार्यान्वयन में देरी करता है।

Q.6 केंद्रीय बजट 2025 में घोषित किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) के लिए संशोधित ब्याज अनुदान योजना के अंतर्गत क्रेडिट सीमा बढ़कर कितनी हो गई है?

Ans
✗ 1. ₹1 लाख
✗ 2. ₹3 लाख
✓ 3. ₹5 लाख
✗ 4. ₹2 लाख


Q.7 L, M, N, O, W, X और Y में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। X से पहले केवल Y की परीक्षा है। M और X के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। L और O के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। W की परीक्षा O से पहले किसी दिन और N के बाद किसी दिन है। L के बाद कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans
✗ 1. एक
✗ 2. दो
✗ 3. तीन
✓ 4. चार

Q.8 प्रसिद्ध अलाही दरवाजा जिसे अलाई दरवाजा भी कहा जाता है, का निर्माण किस शासक से संबंधित है?

Ans
✗ 1. जलालुद्दीन खिलजी
✗ 2. मोहम्मद बिन तुगलक
✗ 3. फिरोज शाह तुगलक
✓ 4. अलाउद्दीन खिलजी

Q.9 चित्र में दर्शाए अनुसार धारा और चुंबकीय क्षेत्र की दिशा के आधार पर बल की दिशा क्या होगी?




संदर्भ:
Electron - इलेक्ट्रॉन
Field - क्षेत्र

Ans
✗ 1. पेज के अंदर
✗ 2. दाईं ओर
✓ 3. पेज से बाहर
✗ 4. बाईं ओर

Q.10 यदि किसी बेलन का पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल 336.4 $cm^2$ है तथा इसकी ऊंचाई 23 cm है, तो इसका आयतन ज्ञात कीजिए।
($\pi$ = 3.14 का उपयोग कीजिए तथा दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans
✗ 1. 372.99 $cm^3$
✗ 2. 370.76 $cm^3$
✗ 3. 384.33 $cm^3$
✓ 4. 391.74 $cm^3$

**Q.11** थॉमसन परमाणु मॉडल की किस प्रमुख विशेषता ने परमाणु की विद्युत उदासीनता की व्याख्या करने में सहायता की?

**Ans**

✗ 1. इलेक्ट्रॉन, नाभिक के चारों ओर निश्चित कक्षाओं में घूमते हैं।

✗ 2. नाभिक में प्रोटॉन और न्यूट्रॉन दोनों होते हैं।

✗ 3. धनात्मक आवेश, केंद्र में संकेंद्रित होता है।

✓ 4. धनात्मक और ऋणात्मक आवेश परिमाण में बराबर होते हैं।

**Q.12** भारत में राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों की प्रवर्तनीयता का वर्णन निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प करता है?

**Ans**

✗ 1. ये विधायिका और कार्यपालिका के लिए बाध्यकारी हैं और अनुपालन न करने पर दंड का प्रावधान करते हैं।

✗ 2. ये मौलिक अधिकारों की तरह प्रवर्तनीय हैं और इन्हें सीधे न्यायालयों में चुनौती दी जा सकती है।

✓ 3. ये गैर-न्याय विचार योग्य दिशानिर्देश हैं और इन्हें न्यायालयों द्वारा लागू नहीं किया जा सकता है।

✗ 4. ये मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होने पर केवल सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लागू किए जा सकते हैं।

**Q.13** धातुओं की सक्रियता श्रेणी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें। इनमें से कौन-से कथन सही हैं?

कथन I: कॉपर सल्फेट के विलयन में रखे आयरन के टुकड़े पर धीरे-धीरे लाल रंग की परत जम जाती है।

कथन II: कॉपर, आयरन की तुलना में अधिक अभिक्रियाशील होता है तथा विलयन में आयरन को प्रतिस्थापित कर देता है।

**Ans**

✗ 1. केवल कथन 2 सत्य है

✗ 2. दोनों कथन सत्य हैं

✗ 3. दोनों कथन असत्य हैं

✓ 4. केवल कथन 1 सत्य है

**Q.14** $\left(\frac{5}{8}\right) \times \left(\frac{24}{25}\right) + \left(\frac{9}{5} - 4\right)$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ 1. $\frac{1}{4}$

✗ 2. $-\frac{6}{7}$

✗ 3. $-\frac{2}{3}$

✓ 4. $-\frac{8}{5}$

**Q.15** उत्तल दर्पण द्वारा बना प्रतिबिंब सदैव ___________ होता है।

**Ans**

✗ 1. उल्टा और वस्तु के समान आकार का

✗ 2. उल्टा और छोटा

✗ 3. सीधा और वस्तु के समान आकार का

✓ 4. सीधा और छोटा

**Q.16** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

ACT123, IKB110, QSJ97, YAR84, ?

**Ans**

✗ 1. GIM71

✗ 2. LIZ71

✓ 3. GIZ71

✗ 4. GOZ71

**Q.17** किस भारतीय फिल्म ने एशियन फिल्म अवार्ड्स 2025 में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता?

**Ans**
- ✔ 1. ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट (All We Imagine As Light)
- ✘ 2. द डिसीपल (The Disciple)
- ✘ 3. गली बॉय (Gully Boy)
- ✘ 4. द व्हाइट टाइगर (The White Tiger)

**Q.18** 1908 में खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी द्वारा एक गाड़ी पर फेंके गए बम का लक्षित लक्ष्य निम्नलिखित में से कौन था?

**Ans**
- ✘ 1. लॉर्ड रिपन (Lord Ripon)
- ✘ 2. गवर्नर-जनरल लॉर्ड कर्जन (Governor-General Lord Curzon)
- ✘ 3. वायसराय लॉर्ड हार्डिंग (Viceroy Lord Hardinge)
- ✔ 4. मजिस्ट्रेट डगलस किंग्सफोर्ड (Magistrate Douglas Kingsford)

**Q.19** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ लागू करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हों जिस प्रकार निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है।)

59, 71.6
86, 98.6

**Ans**
- ✘ 1. 92, 106.6
- ✘ 2. 41, 63.6
- ✔ 3. 65, 77.6
- ✘ 4. 77, 91.6

**Q.20** 4 पुरुष और 6 महिलाएं किसी कार्य को 8 दिनों में पूरा कर सकते हैं, जबकि 3 पुरुष और 7 महिलाएं उसी कार्य को 10 दिनों में पूरा कर सकते हैं। 16 महिलाएं उसी कार्य को कितने दिनों में पूरा करेंगी?

**Ans**
- ✔ 1. 25
- ✘ 2. 16
- ✘ 3. 40
- ✘ 4. 36

**Q.21** निम्नलिखित में से कौन-सा कारक, समय के साथ प्रजातियों की उत्तरजीविता (survival) के लिए उत्तरदायी नहीं है?

**Ans**
- ✘ 1. विभिन्नता (Variation)
- ✘ 2. जनन (Reproduction)
- ✔ 3. ज्योतिषीय संकेत (Astrological Signs)
- ✘ 4. पर्यावास की उपलब्धता (Habitat availability)

**Q.22** ई-श्रम (e-Shram) पोर्टल पर पंजीकृत गिग श्रमिकों को 2025 में किस योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य लाभ मिलेगा?

**Ans**
- ✔ 1. आयुष्मान भारत पीएम जन आरोग्य योजना (PM-KISAN)
- ✘ 2. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN)
- ✘ 3. प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY)
- ✘ 4. अटल पेंशन योजना (APY)

Q.23 निम्नलिखित में से कौन-सी ग्रंथि वृद्धि हार्मोन का स्रवण करती है?

Ans
- ✗ 1. थाइरॉइड ग्रंथि (Thyroid gland)
- ✓ 2. पीयूष ग्रंथि (Pituitary gland)
- ✗ 3. वृषण (Testes)
- ✗ 4. डिंबग्रंथि (Ovaries)

Q.24 रोहन बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 4 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 3 km ड्राइव करता है, बाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है, 3 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी तक (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

Ans
- ✗ 1. पूर्व की ओर 13 km
- ✗ 2. दक्षिण की ओर 7 km
- ✗ 3. उत्तर की ओर 3 km
- ✓ 4. पश्चिम की ओर 13 km

Q.25 एक व्यक्ति को वेतन के रूप में प्रति माह ₹8680 मिलते हैं। वह प्रत्येक माह अपने वेतन के 65% की बचत करता है। उसका प्रति माह व्यय ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. ₹3038
- ✗ 2. ₹3043
- ✗ 3. ₹2995
- ✗ 4. ₹2959

Q.26 संयोजी ऊतक के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

Ans
- ✗ 1. स्नायु अस्थि को अस्थि से जोड़ते हैं
- ✗ 2. कंडरा (Tendons) पेशियों को अस्थि से जोड़ते हैं
- ✗ 3. अवकाशी संयोजी ऊतक त्वचा और पेशियों के बीच पाया जाता है
- ✓ 4. वसा संग्रहीत करने वाला वसा ऊतक (adipose tissue) त्वचा के ऊपर पाया जाता है

Q.27 साबुन के अणुओं की जलविरागी पुच्छ मिसेल (micelles) के अंदर क्यों रहती हैं?

Ans
- ✗ 1. वे जल के साथ रासायनिक आबंध बनाते हैं।
- ✓ 2. वे जल द्वारा प्रतिकर्षित किए जाते हैं।
- ✗ 3. वे जल में पूरी तरह से विलीन हो जाते हैं।
- ✗ 4. वे जल की ओर प्रबल रूप से आकर्षित होते हैं।

Q.28 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

WIB UFX SCT QZP ?

Ans
- ✓ 1. OWL
- ✗ 2. NVJ
- ✗ 3. MUM
- ✗ 4. NYK

Q.29 एक गोलीय दर्पण का फोकस, दर्पण के ध्रुव से 18 cm की दूरी पर है। दर्पण के ध्रुव से वक्रता केंद्र की स्थिति cm में कितनी है?

Ans
- ✗ 1. 40 cm
- ✗ 2. 9 cm
- ✓ 3. 36 cm
- ✗ 4. 27 cm

Q.30 किसी हिमालयी प्रभाग और उससे संबंधित किसी उल्लेखनीय भौगोलिक विशेषता के बीच के सही युग्म का चयन कीजिए।

Ans
✗ 1. लघु हिमालय – माउंट एवरेस्ट
✓ 2. लघु हिमालय और बाह्य हिमालय के बीच स्थित घाटियाँ - दून (Duns)
✗ 3. लघु हिमालय - बारा लाचा-ला
✗ 4. वृहत हिमालय और लघु हिमालय के बीच स्थित घाटियाँ - दून

Section : **Professional Ability**

Q.1 निम्नलिखित में से कौन-सा, कैल्शियम चैनल रोधक (channel blocker) है जिसका उपयोग एंटी-हाइपरटेंसिव (anti-hypertensive) औषधियों के उपचार में किया जाता है?

Ans
✓ 1. एम्लोडिपाइन (Amlodipine)
✗ 2. मेथिलडोपा (Methyldopa)
✗ 3. लैबेटालॉल (Labetalol)
✗ 4. क्लोनिडीन (Clonidine)

Q.2 डेंटिफ्रिस (dentifrice) का उदाहरण निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
✗ 1. माउथवॉश
✗ 2. डेंटल फ्लॉस
✗ 3. डेन्चर एडहेसिव
✓ 4. टूथपेस्ट

Q.3 कोलेस्टिरमाइन ________________ निम्न-घनत्व वाले लाइपोप्रोटीन कोलेस्ट्रॉल को कम करता है।

Ans
✗ 1. प्रत्यावर्ती कोलेस्ट्रॉल अभिगमन को बढ़ाकर
✗ 2. कोलेस्ट्रॉल संश्लेषण को अवरुद्ध करके
✓ 3. आंत्र में बाइल अम्ल को आबद्ध करके
✗ 4. कोलेस्ट्रॉल अवशोषण संदमन करके

Q.4 निम्नलिखित में से कौन-सा अवसादरोधी के रूप में कार्य नहीं करता है?

Ans
✗ 1. मोक्लोबेमाइड (Moclobemide)
✓ 2. ट्राइफ्लुप्रोमाज़िन (Triflupromazine)
✗ 3. फ्यूओक्सेटीन (Fiuoxetine)
✗ 4. फ्यूवोक्सामाइन (Fiuvoxamine)

Q.5 क्लोरीन आधारित विसंक्रामक मुख्य रूप से ____________________ कार्य करते हैं।

Ans
✓ 1. झिल्ली की अखंडता को बाधित करके
✗ 2. डीएनए प्रतिकृति का संदमन करके
✗ 3. प्रोटीन का विकृतीयन करके
✗ 4. कोशिका भित्ति का ऑक्सीकरण करके

Q.6 एक बोंडेड प्रयोगशाला से संबद्ध 'बोंडेड गोदाम' का उद्देश्य क्या है?

Ans
✓ 1. स्वामित्व वाली औषधि के नमूनों का सुरक्षित भंडारण
✗ 2. कच्चे माल का भंडारण
✗ 3. अपशिष्ट निपटान सुविधा
✗ 4. तैयार उत्पादों के लिए वितरण केंद्र

Q.7 निम्नलिखित में से कौन-सी विधि, एंजाइम अचलताजन्य के लिए उपयोग नहीं की जाती है?

Ans
✗ 1. गैर-सहसंयोजक अधिशोषण और निक्षेपण
✗ 2. सहसंयोजी संलगन (Covalent attachment)
✗ 3. भौतिक पाशन (Physical entrapment)
✓ 4. जटिलता (Complexation)

Q.8 'प्रीसिपिटेंट ड्रग (precipitant drug)' शब्द का क्या अर्थ होता है?
Ans
✔ 1. ऐसी औषधि जो अंतःक्रिया उत्पन्न करती है।
✗ 2. ऐसी औषधि जो घोल से बाहर निकलती है।
✗ 3. ऐसी औषधि जिसके लिए खुराक समायोजन की आवश्यकता होती है।
✗ 4. ऐसी औषधि जिसका प्रभाव बदल जाता है।

Q.9 पर्मेथ्रिन (Permethrin) एक ____________ है।
Ans
✗ 1. कवकनाशी (Fungicide)
✗ 2. पेडिक्युलोसाइड (Pediculocide)
✔ 3. पाइरेथोइड कीटनाशक (Pyrethoid insecticide)
✗ 4. कंडूरोधी (Antipruritic)

Q.10 किसी ड्रग को विनिर्माता द्वारा दिया गया नाम उसका ____________ होता है।
Ans
✗ 1. रासायनिक नाम (Chemical name)
✗ 2. गैर-एकायत्त नाम (Non-proprietary name)
✗ 3. वंश नाम (Generic name)
✔ 4. एकायत्त नाम (Proprietary name)

Q.11 एस्पिरिन ________________ अपना प्रतिबिंबाणु प्रभाव डालती है।
Ans
✗ 1. फॉस्फोडाइस्टरेज़ का संदमन करके
✗ 2. P2Y12 ग्राही को अवरुद्ध करके
✔ 3. साइक्लोऑक्सीजिनेज (COX) को अपरिवर्तनीय रूप से संदमित करके
✗ 4. प्लास्मिनोजेन को सक्रिय करके

Q.12 संद्रवावक्षेपण (coacervation) चरण पृथक्करण तकनीक का उपयोग करके माइक्रोएनकैप्सुलेशन तकनीक का निर्माण एक ______ है।
Ans
✔ 1. तीन-चरणीय प्रक्रिया
✗ 2. एकल-चरणीय प्रक्रिया
✗ 3. पांच-चरणीय प्रक्रिया
✗ 4. दो-चरणीय प्रक्रिया

Q.13 कैंसर क्षीणता में क्षुधा उद्दीपक के रूप में किस औषधि का उपयोग किया जाता है?
Ans
✔ 1. मेगेस्ट्रोल एसीटेट (Megestrol acetate)
✗ 2. फेंटर्मिन (Phentermine)
✗ 3. लोर्केसरिन (Lorcaserin)
✗ 4. टोपिरामेट (Topiramate)

Q.14 डिपिरिडामोल, ________________ प्रतिबिंबाणु प्रभाव को बढ़ाता है।
Ans
✗ 1. साइक्लोऑक्सीजिनेज गतिविधि का प्रत्यक्ष रूप से संदमन करके
✗ 2. प्लास्मिनोजेन को सक्रिय करके
✔ 3. फॉस्फोडाइस्टरेज़ और एडेनोसिन अवशोषण के संदमन द्वारा
✗ 4. थ्रोम्बोक्सेन अभिग्राही का विरोध करके

Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन औषधि एवं जादुई उपचार अधिनियम का उल्लंघन करता है?
Ans
✔ 1. 30 दिन में कैंसर ठीक हो जाता है।
✗ 2. यह औषधि चिकित्सकीय रूप से सिद्ध है।
✗ 3. उपयोग करने से पहले अपने चिकित्सक से परामर्श लें।
✗ 4. सभी आयु वर्ग के लिए सुरक्षित।

Q.16 क्षुधा उद्दीपक को __________ नाम से भी जाना जाता है।

Ans
- ✗ 1. कोलीनधर्मोत्तेजक कर्मक (Cholinergic agent)
- ✗ 2. एंटीएंजिनल कर्मक (Antianginal agent)
- ✗ 3. उत्परिवर्तन कर्मक (Mutagenic agent)
- ✓ 4. रुचिजनक (Orexigenic agent)

Q.17 ऐज़ोल कवकरोधी का उदाहरण निम्नलिखित में से क्या है?

Ans
- ✗ 1. टर्बिनाफाइन (Terbinafine)
- ✓ 2. फ्लुकोनाजोल (Fluconazole)
- ✗ 3. एम्फोटेरिसिन B (Amphotericin B)
- ✗ 4. कैस्पोफुंगिन (Caspofungin)

Q.18 एंजाइम का कौन-सा घटक, प्रत्यक्ष रूप से कार्यद्रव्य बंधन (Substrate binding) में शामिल होता है?

Ans
- ✗ 1. सहकारक (Cofactor)
- ✓ 2. सक्रिय स्थल (Active site)
- ✗ 3. नियामक स्थल (Regulatory site)
- ✗ 4. एलोस्टेरिक स्थल (Allosteric site)

Q.19 सापेक्ष जैवउपलब्धता, ______________की तुलना करती है।

Ans
- ✗ 1. उपवास बनाम भोजन की अवस्था में औषधि के अवशोषण
- ✓ 2. एक ही औषधि के दो मौखिक फॉर्मूलेशन
- ✗ 3. विभिन्न जातियों में प्लाज्मा के स्तर
- ✗ 4. प्रशासन के दो अलग-अलग मार्ग

Q.20 द्रव मिश्रण में विभिन्न घटकों के पृथक्करण और शोधन को क्या कहा जाता है?

Ans
- ✓ 1. आसवन
- ✗ 2. आकार पृथक्करण
- ✗ 3. निस्यंदन
- ✗ 4. ऊर्ध्वपातन

Q.21 बायीं और दायीं धमनी के बीच पतला विभाजन क्या कहलाता है?

Ans
- ✗ 1. परिखा (Sulci)
- ✓ 2. अंतरा अलिंद पट (Interatrial septum)
- ✗ 3. कंकताकार पेशी (Pectinate muscles)
- ✗ 4. हृद् परिखा (Coronary sulcus)

Q.22 मेथिल पॉलीसिलोक्सेन (Methyl polysiloxane) को निम्नलिखित में से किसके अंतर्गत वर्गीकृत किया जा सकता है?

Ans
- ✗ 1. पित्ताश्मरी विलयक औषधि (Gallstone dissolving drugs)
- ✓ 2. पाचक (Digestants)
- ✗ 3. प्रोकाइनेटिक औषधि (Prokinetic drugs)
- ✗ 4. प्रतिवमनकरी औषधि (Antiemetics drugs)

Q.23 निम्नलिखित में से कौन-सा संदमक, टर्मिनल ऑक्सीडेज पर ऑक्सीजन के साथ प्रतिस्पर्धा (competes) करता है?

Ans
- ✗ 1. रोटीनोन (Rotenone)
- ✗ 2. एमिटल (Amytal)
- ✓ 3. सायनाइड (Cyanide)
- ✗ 4. मैलोनेट (Malonate)

Q.24 जटिल अभिक्रियाएं __________ होती हैं।

Ans

1. एकल चरण अभिक्रियाएं

2. बहु-चरण अभिक्रियाएं ✔

3. प्राथमिक अभिक्रियाएं

4. 2-चरण अभिक्रियाएं

Q.25 न्यूनतम अवरोधक सांद्रता (MIC) क्या मापता है?

Ans

1. विकास को रोकने के लिए सबसे कम सांद्रता ✔

2. मनुष्यों द्वारा सहन की जाने वाली उच्चतम सांद्रता

3. बैक्टीरिया को मारने के लिए सबसे कम सांद्रता

4. निर्जर्मीकरण के लिए आवश्यक समय

Q.26 निम्नलिखित में से कौन-सा, MAO-B संदमकों का उदाहरण है?

Ans

1. रोपिनिरोल (Ropinirole)

2. अमैनटाडाइन (Amantadine)

3. सेलेगिलीन (Selegiline) ✔

4. ब्रोमोक्रिप्टीन (Bromocriptine)

Q.27 7.045 को __________ के रूप में पूर्णांकित किया जा सकता है।

Ans

1. 7.04

2. 7.4

3. 7.05 ✔

4. 7.5

Q.28 __________ का उपयोग करके रेडियो-इम्यूनोऐसे किया जा सकता है।

Ans

1. रेडियोऐक्टिव एंटीबॉडी ✔

2. एंजाइम एंटीबॉडी

3. लेबल

4. रेडियोऐक्टिव आयन

Q.29 निम्नलिखित में से किस बेंजोडायजेपाइन (benzodiazepine) में 7वें स्थान पर नाइट्रो समूह होता है, जो इसकी आक्षेपरोधी गतिविधि में योगदान देता है?

Ans

1. लोराजेपम (Lorazepam)

2. नाइट्राजेपम (Nitrazepam)

3. क्लोनाजेपम (Clonazepam) ✔

4. डायजेपम (Diazepam)

Q.30 संकुचन आरंभ करने के लिए कौन-सा तंत्रिका संचारी, निस्सारिका मांसपेशी पर कार्य करता है?

Ans

1. डोपामाइन (Dopamine)

2. सेरोटोनिन (Serotonin)

3. नोरेपिनेफ्राइन (Norepinephrine)

4. एसिटाइलकोलीन (Acetylcholine) ✔

Q.31 दिए गए विकल्पों में से उस अपकेंद्रित्र (सेंट्रीफ्यूज) के प्रकार की पहचान करें, जिसका उपयोग दो अमिश्रणीय तरल पदार्थों को पृथक करने के लिए किया जा सकता है।

Ans

1. गैर-छिद्रित बास्केट अपकेंद्रित्र (Non-perforated basket centrifuge)

2. निरंतर क्षैतिज अपकेंद्रित्र (Continuous horizontal centrifuge)

3. द्रुत अपकेंद्रित्र (Super centrifuge) ✔

4. छिद्रित बास्केट अपकेंद्रित्र (Perforated basket centrifuge)

Q.32 पॉलीमरेज श्रृंखला अभिक्रिया में अनीलन चरण का उद्देश्य क्या है?

Ans
✔ 1. उपक्रामक को टेम्पलेट डीएनए में जोड़ना
✘ 2. डीएनए रज्जुक को पिघलाना
✘ 3. उपक्रामक विस्तारित करना
✘ 4. अनुक्रिया का विलोपन करना

Q.33 निम्नलिखित में से कौन-सा एंजाइम सिस्टम, औषधि चयापचय अंतःक्रियाओं में सबसे अधिक शामिल है?

Ans
✘ 1. UDP-ग्लुकुरोनोसिलट्रांसफेरेज़ (UDP-glucuronosyltransferase)
✘ 2. अल्कोहल डिहाइड्रोजनेज (Alcohol dehydrogenase)
✔ 3. साइटोक्रोम P450 (Cytochrome P450)
✘ 4. मोनोमाइन ऑक्सीडेज (Monoamine oxidase)

Q.34 प्राकृतिक स्रोत से पृथक किया गया प्रथम शुद्ध ऐल्केलॉइड ______________________ था।

Ans
✘ 1. कोकेन
✘ 2. क्विनिन
✔ 3. मॉर्फिन
✘ 4. एट्रोपिन

Q.35 जिलेटिन कैप्सूल का एक बड़ा नुकसान, _________ है।

Ans
✘ 1. आर्द्र परिस्थितियों में उच्च स्थिरता
✘ 2. रोगी के अनुकूल प्रशासन
✔ 3. अम्लीय औषधियों के साथ असंयोज्यता
✘ 4. लागत-प्रभावी विनिर्माण

Q.36 किसी रसायन के प्रति आनुवंशिक असामान्य अभिक्रियाशीलता को __________ के रूप में भी जाना जाता है।

Ans
✘ 1. विषाक्तता (Poisoning)
✘ 2. अतिसुग्राहिता (Hypersensitivity)
✘ 3. असह्यता (Intolerance)
✔ 4. संवेदन वैशिष्ट्य (Idiosyncrasy)

Q.37 तीव्रग्राहिता (एनाफिलैक्सिस), ________ का एक उदाहरण है।

Ans
✘ 1. टाइप IV अतिसुग्राहिता
✘ 2. टाइप II अतिसुग्राहिता
✔ 3. टाइप I अतिसुग्राहिता
✘ 4. टाइप III अतिसुग्राहिता

Q.38 हेस (Hess) के नियम के अनुसार ___________________ ।

Ans
✘ 1. एन्थैल्पी तापमान के साथ बढ़ती है
✔ 2. कुल एन्थैल्पी परिवर्तन केवल प्रारंभिक और अंतिम अवस्थाओं पर निर्भर होता है
✘ 3. सभी अभिक्रियाओं में एन्थैल्पी संरक्षित रहती है
✘ 4. ऊष्मा दक्षता अभिक्रिया की स्वक्रियाशीलता निर्धारित करती है

Q.39 एलीलैमाइन (allylamine) कवकरोधी का उदाहरण निम्नलिखित में से क्या है?

Ans
✘ 1. कैस्पोफुंगिन (Caspofungin)
✔ 2. टर्बिनाफाइन (Terbinafine)
✘ 3. एम्फोटेरिसिन B (Amphotericin B)
✘ 4. फ्लुकोनाजोल (Fluconazole)

Q.40 सैकरीन जैसे कृत्रिम मधुरक का उपयोग एकावस्थ तरल पदार्थों में ________________ किया जाता है।

Ans
- ✗ 1. pH स्थायीकरण के लिए
- ✗ 2. प्रतिसूक्ष्मजीवी गतिविधि को बढ़ाने के लिए
- ✗ 3. ऑक्सीकरण को रोकने के लिए
- ✓ 4. बिना कैलोरी के स्वाद में सुधार करने के लिए

Q.41 हेपैरिन और इंसुलिन जैसे बड़े अणुओं को __________ की विरचना द्वारा आसानी से अवशोषित किया जा सकता है।

Ans
- ✓ 1. इमल्शन
- ✗ 2. निलंबन
- ✗ 3. लोशन
- ✗ 4. सीरप

Q.42 भाप आसवन का उपयोग निम्नलिखित में से किसके निष्कर्षण के लिए किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. गैर-वाष्पशील बहुलक
- ✓ 2. पादप पदार्थों से वाष्पशील तेल
- ✗ 3. अविलेय ठोस
- ✗ 4. अकार्बनिक लवण

Q.43 कुष्ठ रोग को _____ में वर्गीकृत किया जा सकता है।

Ans
- ✗ 1. 6 वर्गों
- ✗ 2. 7 वर्गों
- ✓ 3. 5 वर्गों
- ✗ 4. 3 वर्गों

Q.44 किसी निकाय में किसी घटक का रासायनिक विभव (μ), ____________________ के रूप में परिभाषित किया जाता है।

Ans
- ✓ 1. आंशिक मोलर गिब्स मुक्त ऊर्जा
- ✗ 2. आंशिक मोलर एन्ट्रॉपी
- ✗ 3. आंशिक मोलर आंतरिक ऊर्जा
- ✗ 4. आंशिक मोलर एन्थैल्पी

Q.45 हर्बल औषधि गुणवत्ता नियंत्रण में "मानकीकरण" शब्द का क्या अर्थ होता है?

Ans
- ✗ 1. पैकेजिंग विनिर्देश
- ✓ 2. मार्कर यौगिकों का सुसंगत स्तर
- ✗ 3. एकसमान कण आकार वितरण
- ✗ 4. निर्जमीकरण सत्यापन

Q.46 निम्नलिखित में से कौन-सी मात्रात्मक विधि, औषधि की दुकान की इन्वेंट्री को अनुकूलित करने में सहायता करती है?

Ans
- ✗ 1. SWOT विश्लेषण
- ✗ 2. ब्रांड इक्विटी मैपिंग
- ✗ 3. फोकस ग्रुप फीडबैक
- ✓ 4. ABC वर्गीकरण

Q.47 नियंत्रित पदार्थों के लिए विनियामक आवश्यकताएं चैनल चयन को कैसे प्रभावित करती हैं?

Ans
- ✗ 1. डायरेक्ट-टु-कंज्यूमर (direct-to-consumer) बिक्री को अनिवार्य करें
- ✗ 2. ऑनलाइन बिक्री को प्रोत्साहित करें
- ✓ 3. लाइसेंस प्राप्त फार्मेसी तक वितरण प्रतिबंधित करें
- ✗ 4. अप्रतिबंधित वितरण की सुविधा दें

Q.48 HMG-COA रिडक्टेस संदमकों को किस अन्य नाम से भी जाना जाता है?

Ans

✔ 1. स्टैटिन (Statins)

✘ 2. PPARa एगोनल्स्ट्स: फाइब्रेट्स (PPARa agonlsts: Fibrates)

✘ 3. पित्त अम्ल प्रच्छादक (Bile acid sequestrants)

✘ 4. ट्राइग्लिसराइड संश्लेषण संदमक (Triglyceride synthesis inhibitor)

Q.49 सबसे छोटा मानक कठोर संपुट (हार्ड कैप्सूल) ____________ होता है।

Ans

✘ 1. साइज 0

✘ 2. साइज 2

✔ 3. साइज 5

✘ 4. साइज 3

Q.50 विद्‌युत् रासायनिक सेल में अक्रिय इलेक्ट्रोड का उपयोग कब किया जाता है?

Ans

✘ 1. जब अभिक्रिया में गैस का निर्गमन शामिल होता है

✘ 2. जब सेल को उच्च वोल्टता की आवश्यकता होती है

✘ 3. जब इलेक्ट्रोड पदार्थ रेडॉक्स अभिक्रिया में भाग लेता है

✔ 4. जब इलेक्ट्रोड को बिना अभिक्रिया के इलेक्ट्रॉनों का संचालन करना होता है

Q.51 DNA लिगेस का उपयोग ___________ के लिए किया जाता है।

Ans

✘ 1. DNA खंडों को काटने

✘ 2. प्रतिकृतियन प्रक्रिया शुरू करने

✘ 3. प्रारंभक प्रकूट से बांधने

✔ 4. काटे गए DNA खंडों को सील करने

Q.52 निस्पंदन के दौरान प्रबल प्रक्षोभन से ______________ हो सकता है।

Ans

✘ 1. निस्पंदन की स्पष्टता में वृद्धि

✘ 2. केक का एकसमान वितरण

✘ 3. कण का बेहतर संग्रहण

✔ 4. केक का संघनन और प्रवाह में कमी

Q.53 निम्नलिखित में से किस संख्या से, सबसे बड़े आकार के कैप्सूल को संदर्भित किया जाता है?

Ans

✘ 1. 5

✔ 2. 000

✘ 3. 3

✘ 4. 4

Q.54 पैराबेन्स (Parabens) ________________ परिरक्षी के रूप में कार्य करते हैं।

Ans

✘ 1. विकृतिजन को ऑक्सीकृत करके

✔ 2. सूक्ष्मजीव कोशिका झिल्लियों को भंग करके

✘ 3. धातु आयनों को चिलेट करके

✘ 4. अम्लों को उदासीन करके

Q.55 अम्ल-क्षार अभिक्रिया में $H_2SO_4$ (मोलर द्रव्यमान = 98 g/mol) के तुल्यांकी भार की गणना कीजिए।

Ans

✔ 1. 49 g/equiv

✘ 2. 196 g/equiv

✘ 3. 24.5 g/equiv

✘ 4. 100 g/equiv

Q.56 तरल संस्तर मिक्सर में प्राथमिक तंत्र, __________ है।

Ans
- ✔ 1. संवहन
- ✗ 2. अपरूपण
- ✗ 3. स्थिरवैद्युत आकर्षण
- ✗ 4. विसरण

Q.57 क्षीर पाक किस प्रकार प्राप्त किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. पौधे को एथनॉल में उबालकर और निथारकर
- ✔ 2. पौधे को दूध में उबालकर और छानकर
- ✗ 3. पौधे को जल में उबालकर और छानकर
- ✗ 4. पौधे को एथनॉल में उबालकर और छानकर

Q.58 इंस्टालेशन क्वालिफिकेशन (IQ) प्रोटोकॉल को मंजूरी देने के लिए कौन उत्तरदायी है?

Ans
- ✗ 1. उपकरण विक्रेता
- ✗ 2. विनियामक निरीक्षक
- ✗ 3. उत्पादन प्रबंधक
- ✔ 4. गुणवत्ता आश्वासन (QA) विभाग

Q.59 बॉक्सर अस्थिभंग, _________ का अस्थिभंग है।

Ans
- ✗ 1. आनन अस्थियों (Facial bones)
- ✗ 2. श्रोणि मेखला (Pelvic Girdle)
- ✔ 3. करभिका (Metacarpel)
- ✗ 4. श्रोणिफलक (Ilium)

Q.60 हकल के नियम के अनुसार, ऐरोमैटिक यौगिक में __________ होते हैं।

Ans
- ✗ 1. 4n − 2π इलेक्ट्रॉन
- ✔ 2. 4n + 2π इलेक्ट्रॉन
- ✗ 3. 4n + 3π इलेक्ट्रॉन
- ✗ 4. N + π इलेक्ट्रॉन

Q.61 रक्त में निर्मित तत्वों के निष्कासन के बाद भूसे के रंग का तरल _______________ कहलाता है।

Ans
- ✔ 1. प्लाज्मा
- ✗ 2. WBC
- ✗ 3. RBC
- ✗ 4. सीरम

Q.62 कौन-सी औषधि प्रत्यक्ष-क्रियाशील वाहिकाविस्फारक है?

Ans
- ✗ 1. मेटोप्रोलोल (Metoprolol)
- ✗ 2. कैप्टोप्रिल (Captopril)
- ✗ 3. प्रोप्रानोलोल (Propranolol)
- ✔ 4. मिनोक्सिडिल (Minoxidil)

Q.63 निम्नलिखित में से कौन-सा, मानव शरीर में मुक्त मूलकों का हानिकारक प्रभाव है?

Ans
- ✗ 1. कोशिका विरोहण को बढ़ावा देता है
- ✗ 2. एंजाइम सक्रियता को बढ़ाता है
- ✗ 3. पाचन में सुधार करता है
- ✔ 4. कोशिकाओं को ऑक्सीकृत क्षति पहुंचाता है

Q.64 धातु आयन सूचकों का उपयोग __________ में किया जाता है।

Ans
- ✗ 1. अवक्षेपण अनुमापन
- ✗ 2. ऑक्सीकरण-अपचयन अनुमापन
- ✗ 3. अम्ल-क्षार अनुमापन
- ✓ 4. सम्मिश्रमितीय अनुमापन

Q.65 अपरिष्कृत औषधियों के मूल्यांकन की भौतिक विधि __________ है।

Ans
- ✗ 1. गंध
- ✓ 2. अपवर्तनांक
- ✗ 3. आकार
- ✗ 4. रंग

Q.66 निम्नलिखित में से कौन-सा, आंत्रेतर स्कंदनरोधी (parenteral anticoagulant) है?

Ans
- ✓ 1. निम्न आणविक भार हेपरिन
- ✗ 2. एपिक्सैबन (Apixaban)
- ✗ 3. डेबीगेट्रान एटेक्सिलेट (Dabigatran etexilate)
- ✗ 4. वारफैरिन सोड (Warfarin sod)

Q.67 औषधि के अवशोषण में P-ग्लाइकोप्रोटीन की क्या भूमिका है?

Ans
- ✗ 1. अवशोषण को सुगम बनाता है।
- ✗ 2. अवशोषण को बढ़ाता है।
- ✗ 3. ग्राही के रूप में कार्य करता है।
- ✓ 4. बहिर्वाह की मध्यस्थता करता है।

Q.68 गैसीय निर्जर्मीकरण के लिए निम्नलिखित में से किस गैस का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. नाइट्रोजन ऑक्साइड
- ✓ 2. एथिलीन ऑक्साइड
- ✗ 3. नाइट्रोजन
- ✗ 4. हाइड्रोजन सल्फाइड

Q.69 GMP के अनुसार, निर्जिवाणुक औषधियों के लिए, विरचना और पूरण (filling) के लिए किस ग्रेड के स्वच्छ क्षेत्र का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. ग्रेड C
- ✓ 2. ग्रेड A
- ✗ 3. ग्रेड D
- ✗ 4. सामान्य कक्ष परिस्थितियां

Q.70 औषधियों के वर्गीकरण की किस प्रणाली में अपरिष्कृत औषधियों के लैटिन या अंग्रेजी नामों पर विचार किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. रासायनिक वर्गीकरण
- ✓ 2. वर्णानुक्रम वर्गीकरण
- ✗ 3. आकारिकीय वर्गीकरण
- ✗ 4. फार्माकोलॉजिकल वर्गीकरण